तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 29 दिसंबर 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

12 कांग्रेस ने स्थापान दिवस मनरेगा स्थल पर...



12 आमाबेड़ा की ग्रामसभा में नौ परिवार लौटे मूलधर्म में...



## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी के मन की बात राजापारा के लोगों ने सुनी



**कांकेर।** नगर कांकेर में 28 दिसंबर को राजापारा में मनोज दुबे के निवास पर सुबह वार्डवासियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुनने के लिए आमंत्रित किया गया था, जिसमें वार्ड के पूर्व पार्षद जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव की विशेष उपस्थिति में वार्ड वासी जितेंद्र प्रताप देव, धर्मेंद्र देव, मनोज दुबे, अभिषेक देव, समीर चौहान, नंदलाल यादव, भूपेंद्र यादव एवं वार्डवासी शामिल हुई।

### शराब सेवन करते पाए गए युवक पर कार्रवाई

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 27 दिसंबर को सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करते हुए एक युवक को पुलिस ने पकड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी का नाम महेश नेताम बताया गया है, जिसे शासन के निर्देशानुसार सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के अपराध में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 36 (च) के तहत कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया। पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन न करने की अपील की है।

### मानसगान महोत्सव में 2 से गूंजेगा रामनाम

**बनसागर।** विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम अमोडा में राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय मानस गान महोत्सव 2026 का आयोजन 2 जनवरी से किया जाएगा। यह तीन दिवसीय धार्मिक-सांस्कृतिक महोत्सव 4 जनवरी तक होगा। इस मानसगान में प्रदेश की कई मंडली मानसगान करेंगी। उक्ताशय जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष सरजू राम मंडावी एवं धारणी साहू ने दिया।

### तमोड़ा मजियाल में शुरू हुई कबड्डी प्रतियोगिता

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम तमोड़ा मजियाल में न्यू स्टार कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ 28 दिसंबर से हुआ, जो 30 दिसंबर तक चलेगा। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग की कबड्डी स्पर्धाएं शामिल होंगी। पुरुष वर्ग के लिए प्रथम पुरस्कार 10000 रुपए एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 5000 रुपए एवं ट्रॉफी तथा तृतीय पुरस्कार 3000 रुपए एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। महिला वर्ग के लिए प्रथम पुरस्कार 5000 रुपए एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 3000 रुपए एवं ट्रॉफी तथा तृतीय पुरस्कार 2000 रुपए एवं ट्रॉफी रखा गया है।

### सार्जनिक शराबखोरी युवक पर की कार्रवाई

**कांकेर।** सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों के खिलाफ पुलिस प्रशासन सख्त होते हुए कार्रवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेलाभाटा टिकरापारा में 27 दिसंबर की सायं 6 बजकर 40 मिनट पर राकेश कुमार मरकाम को सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते हुए पाया गया। पुलिस की ओर से नियमानुसार कार्रवाई की गई। कार्यवाही करने वाली टीम ने समझाइश दिया कि सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीना कानूनन अपराध है और आगे भी इस तरह की सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### सार्वजनिक शराब सेवन दो युवकों पर कार्रवाई

**कांकेर।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने वाले दो युवकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। 27 दिसंबर को पुलिस को सूचना मिली कि नया बस स्टैंड के पास सार्वजनिक स्थान पर कुछ युवक शराब पी रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस शेष पेज 10 पर

**विवाद : नाराज ग्रामीणों ने आंबा कार्यकर्ता और मतांतरित परिवारों के घरों में तोड़फोड़ का प्रयास किया**

# आंबा कार्यकर्ता के मतांतरण पर पूसागांव में तनाव, तोड़फोड़ की कोशिश, पुलिस तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- पूसागांव में धर्म को लेकर टकराव, चप्पे-चप्पे पर पुलिस का पहरा
- एसपी ने पूसागांव का लिया जायजा, ग्रामीणों से संवाद कर दी हिदायत

आमाबेड़ा क्षेत्र के बड़ेतेवड़ा गांव में हालिया विवाद की तपिश अभी ठंडी भी नहीं पड़ी थी कि अब उसेली पंचायत के आश्रित ग्राम पूसागांव में एक नई और संवेदनशील घटना ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। मतांतरण को लेकर उपजे आक्रोश ने देखते ही देखते गांव का माहौल तनावपूर्ण बना दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा स्वयं पूसागांव पहुंचे। उन्होंने गांव का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से संवाद किया। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत उसेली के आश्रित ग्राम पूसागांव में 28 दिसंबर को एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के मतांतरण का मामला सामने आया है। इसके अलावा गांव में कुछ अन्य परिवारों के भी मतांतरित होने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समेत मतांतरित परिवारों के कारण गांव की सामाजिक समरसता और पारंपरिक सांस्कृतिक मूल्यों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।





बताया जा रहा है कि ग्रामीणों ने एकजुट होकर मतांतरित परिवारों से वापिस अपने मूल धर्म में लौटने की बात कही, लेकिन परिवारों ने इससे साफ इंकार कर दिया। इसी बात से नाराज ग्रामीणों का एक समूह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मतांतरित परिवारों के घरों की ओर बढ़ा और तोड़फोड़ करने का प्रयास किया। हालांकि, स्थिति बिगड़ने से पहले ही जानकारी मिलते ही पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंच गया। पुलिस के पहुंचते ही तोड़फोड़ करने वाले लोग भाग निकले। इस त्वरित कार्रवाई से बड़ी हिंसक घटना टल गई, लेकिन गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

### गांव में भारी तनाव, प्रशासन अलर्ट

घटना के बाद पूसागांव में भारी तनाव व्याप्त है। हालात की नजाकत को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। गांव के भीतर और बाहरी सीमाओं पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। किसी भी बाहरी तत्व के प्रवेश और अफवाहों के प्रसार को रोकने के लिए गांव की घेराबंदी कर दी गई है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को हटाने की माँग की

ग्रामीणों की मांग है कि जिस आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पर मतांतरण का आरोप है, उसे तत्काल पद से हटाया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि एक सरकारी पद पर कार्यरत व्यक्ति का इस तरह मतांतरण करना गांव के सामाजिक ताने-बाने को प्रभावित करता है। इसी मांग को लेकर पहले भी ग्रामीण प्रशासन को ज्ञापन सौंप चुके हैं।

### कांकेर अंचल में बढ़ती घटनाएं चिंताजनक

गौरतलब है कि कांकेर जिले के अंदरूनी इलाकों में बीते कुछ समय से मतांतरण को लेकर लगातार विवाद और झड़पों की घटनाएं सामने आ रही हैं। बड़ेतेवड़ा, आमाबेड़ा और अब पूसागांव की घटना ने यह साफ कर दिया है कि यह मुद्दा प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। स्थानीय स्तर पर छोटी-सी चिंगारी भी बड़े टकराव का रूप ले सकती है, इसी आशंका के चलते प्रशासन किसी भी तरह की ढिलाई बरतने के मूड में नहीं है।

### पूसागांव के हालात नियंत्रण में

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने हरिभूमि से बात करते हुए कहा कि पूसागांव में सामने आई घटना अत्यंत संवेदनशील है। पुलिस बल ने समय रहते मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया, जिससे कोई बड़ी हिंसक घटना नहीं हुई। फिलहाल गांव में पर्याप्त पुलिस बल तैनात है और हालात पूरी तरह नियंत्रण में हैं। हम सभी पक्षों से बातचीत कर रहे हैं और कानून के दायरे में रहकर समाधान निकालने का प्रयास किया जा रहा है। किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी। शांति भंग करने या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों से अपील है कि संयम बनाए रखें और प्रशासन का सहयोग करें।

## बनसागर की शिव महापुराण कथा के पार्वती विवाह के प्रसंग ने भावविभोर



- शिव-पार्वती का दांपत्य जीवन संयम, तप, त्याग और समर्पण की अनूठी कथा :पं. गोविंद प्रसाद

**बनसागर।** विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बनसागर में शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित शिव महापुराण कथा ने पूरे ग्राम क्षेत्र को भक्तिरस में सराबोर कर दिया है। 25 से 31 दिसंबर तक निरंतर चल रहे इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक श्रद्धालु शिव महापुराण की दिव्य कथाओं का रसपान कर रहे हैं। शिव महापुराण कथा के चौथे दिन कथावाचक पं. गोविंद प्रसाद शुक्ला द्वारा भगवान शिव एवं माता पार्वती के पावन विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण एवं रोचक वर्णन किया गया। कथा के दौरान शिव–पार्वती विवाह की अलौकिक लीलाओं को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। भजन, मंत्रोच्चार और जयकारों से पूरा शिव मंदिर प्रांगण गुंजायमान हो गया। कथावाचक पं. गोविंद प्रसाद शुक्ला ने शिव-पार्वती विवाह के माध्यम से दांपत्य जीवन में संयम, तप, त्याग और समर्पण के महत्व को सरल शब्दों में समझाया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव का जीवन त्याग, तपस्या और लोककल्याण का प्रतीक है, जिनकी आराधना से मानव जीवन में शांति, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। ग्रामीणों ने बताया कि शिव महापुराण कथा शेष पेज 10 पर

## दुर्गूकोंदल में धान का उठाव नहीं होने से प्रबंधक व किसानों की परेशान बढ़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का काम लगातार बाधाओं का सामना कर रहा है। विपणन वर्ष 2025-26 के तहत 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने के बावजूद, अब तक किसी भी केंद्र से धान का उठाव नहीं हो सका है। शुरुआती दिनों में अवकाश और उसके बाद लैंप्स कर्मचारियों एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल ने खरीदी प्रक्रिया को पूरी तरह प्रभावित किया है।

धान खरीदी की शुरूआत 15 नवंबर से हुई और 27 दिसंबर तक कुल 33 दिनों में धान खरीदी के केंद्रों में जमा धान का कोई उठाव नहीं हुआ है। इससे केंद्रों में भंडारण की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है और आने वाले दिनों में खरीदी पूरी तरह प्रभावित होने की आशंका है। दुर्गुकोंदल केंद्र के लैंप्स प्रबंधक रवि वर्मा एवं धान खरीदी प्रभारी जितेंद्र साहू ने बताया कि यहां कुल 1360 किसान पंजीकृत हैं, जिनमें से 470 किसानों ने धान बेचा है। अब तक कुल 25,789 क्विंटल धान खरीदी गई है, जबकि केंद्र का लक्ष्य 72,000 क्विंटल है। प्रतिदिन की खरीदी सीमा 1,600 क्विंटल तय की गई है, लेकिन उठाव न होने और जगह की कमी के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है। इसी तरह कोड़ेकुर्सी अंतर्गत धान खरीदी केंद्र सुरुगदोह में कुल 600 किसान पंजीकृत हैं, जिनमें से 276 किसानों ने धान बेचा है। यहां अब तक लगभग 16,000 क्विंटल धान खरीदी गई है, जबकि लक्ष्य 30,000 क्विंटल है। भंडारण की समस्या गंभीर है और धान का उठाव अब तक ठप पड़ा हुआ है। विकासखंड के अन्य केंद्रों कोड़ेकुर्सी, लोहतर, कोदापाखा, चिखली, शेष पेज 10 पर

## नरहरपुर में जोताई के दौरान ट्रैक्टर पलटा, युवक की मौत, मामला दर्ज

**कांकेर।** नरहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक दर्दनाक हादसे में 20 वर्षीय युवक की ट्रैक्टर दुर्घटना में मौत हो गई। मर्ग की जाँच के बाद चालक पर मामला दर्ज किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तुलसीराम मंडावी ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 05 वी 2296 से मनीराम के खेत में नांगर जोताई (मताई) करने गया था। खेत में काम के दौरान ट्रैक्टर अचानक कीचड़ में फंस गया। ट्रैक्टर को बाहर निकालने के प्रयास में वह असंतुलित होकर पलट गया। इस दौरान चालक तुलसी राम ट्रैक्टर के स्टीयरिंग और हल के बीच दब गया, जिससे उसकी छाती में गंभीर चोट आई। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण उसे तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहरपुर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल द्वारा थाना नरहरपुर को मौत होने की जानकारी दिया, जिसके आधार पर मर्ग क्रमांक 107/2025 धारा 194 बीएनएस के तहत मर्ग कायम किया गया। मर्ग जांच प्रधान आरक्षक द्वारा की गई,



जिसमें मृतक के परिजनों एवं गवाहों सुनीत राम मंडावी, मनीराम यादव, संजय कोड़ोपी, सत्यवती मंडावी, देवलाल वट्टी और कमलेश कुमार वट्टी के कथन दर्ज किए गए। घटना स्थल का निरीक्षण भी किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा मृत्यु का कारण गंभीर सीने की चोट से उत्पन्न अत्यधिक रक्तस्राव बताया गया है तथा मौत को दुर्घटनाजन्य करार दिया गया है। जांच में पाया गया कि यह हादसा ट्रैक्टर पलटने से हुआ, जिसके चलते मृतक की मौके पर ही जान चली गई। मामले में आरोपी चालक के कृत्य को भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) के अंतर्गत अपराध मानते हुए थाना नरहरपुर में अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### स्थापना दिवस पर कांग्रेस के योगदान पर की चर्चा

**चारामा।** कांग्रेस के 140 वीं स्थापना दिवस के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी गण, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गण, पार्षद गण, पूर्व पार्षद, पार्षद प्रत्याशी, सेक्टर के पदाधिकारी गण, बूथ पदाधिकारी गण, शहर महिला कांग्रेस, शहर युवा कांग्रेस, शहर एनएसयूआई एवं



समस्त शहर कांग्रेस नेतागण कांग्रेस मैदान चारामा में एकत्रित हुए और महात्मा गांधी के छाया चित्र की पूजा कर कांग्रेस के 140 साल के इस लंबे समय की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। देश की आजादी से लेकर अभी तक कांग्रेस ने देश में किए गए कार्यों को याद कर कांग्रेस की विचारधारा सभी तक पहुंचने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ठाकुर राम कश्यप, नगर पंचायत अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज, विजय ठाकुर, नरेंद्र यादव सहित नगर के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने स्थापना दिवस मनरेगा श्रमिकों के बीच मनाया और किया शक्ति प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- आजादी के बाद देश के विकास में कांग्रेस का योगदान अभूतपूर्व

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140 वें स्थापना दिवस के अवसर पर कांग्रेस पार्टी ने ग्राम मर्दापोटी के मनरेगा कार्यस्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर पार्टी नेताओं ने मनरेगा मजदूरों से सीधा संवाद किया और देश में लोकतंत्र, संविधान तथा सामाजिक न्याय की रक्षा के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता दोहराई।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव राजेश तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की आजादी से लेकर विकास की यात्रा तक निरंतर सक्रिय भूमिका निभाती रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देश की सबसे पुरानी पार्टी है, जिसने हमेशा गरीब, किसान, मजदूर और वंचित वर्गों के अधिकारों की आवाज बुलंद की है। उन्होने मनरेगा का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2005 में केंद्र में कांग्रेस सरकार के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम लागू किया गया, जिससे ग्रामीण भारत के लोगों को 100 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी मिली। इस योजना ने महिलाओं, भूमिहीन मजदूरों और गरीब परिवारों को आर्थिक सुरक्षा और सम्मान के साथ जीने का अवसर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान भाजपा सरकार मनरेगा को कमजोर करने की साजिश कर रही है। पंचायतों से काम चयन का अधिकार छीना जा रहा है, जिससे ग्राम पंचायत और ग्राम सभा की शक्तियां खत्म हो रही हैं। भाजपा नई योजना और विधेयक लाकर रोजगार की कानूनी गारंटी समाप्त कर केंद्र नियंत्रित व्यवस्था लागू करना चाहती है, जिसमें न तो काम की गारंटी होगी और न ही समय पर भुगतान की। कार्यक्रम के दौरान मनरेगा मजदूरों ने भी अपनी समस्याएं साझा कीं। मजदूरों ने भुगतान में देरी, काम की कमी और प्रशासनिक अड़चनों को लेकर अपनी परेशानियां बताईं। कांग्रेस नेताओं ने मजदूरों को आश्वासन दिया कि उनकी आवाज को सड़क से संसद तक उठाया जाएगा।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष तरेंद्र भंडारी, सरपंच राजेश भास्कर, सरजू शोरी, लोमेन्द्र यादव, मनोज जैन, मिथलेश शोरी, रमेश गावड़े, कमलेश पद्माकर, विनोद शोरी, गोमती सलाम, भारती सलाम, लक्ष्मण गोस्वामी, शंकर पोटाई , नरसिंग तेता, पवन कांगे, निरंजन लाटिया, फूलसिंह मंडावी, चैतराम गावड़े, तुलसी गोटा, मनाऊ मंडावी, बन्नूराम थप्पा, रामलाल सलाम, धनसो कड़ियाम, रामतुला सलाम, बिसरी मंडावी, प्रमिला आदि उपस्थित रहे।

**कथित हिंदू विरोधी टिप्पणियों के विरोध में भाजयुमो का प्रदर्शन**

# सनातन सम्मान को लेकर कांकेर शहर में उबाल, भूपेश और सिंहदेव के फूंके पुतले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सनातन धर्म के अपमान के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने शुक्रवार को शहर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। पुतला दहन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सनातन धर्म का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, कांग्रेस हिंदू विरोध बंद करो जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन कार्यकर्ताओं का आक्रोश साफ झलक रहा था।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव द्वारा हाल ही में की गई कथित हिंदू विरोधी टिप्पणियों से आक्रोशित भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने पुराना बस स्टैंड में नारेबाजी करते हुए दोनों नेताओं का पुतला दहन किया। इस दौरान माहौल पूरी तरह राजनीतिक गर्माहट से भरा रहा और सनातन धर्म की रक्षा के संकल्प के नारे गूंजते रहे। प्रदर्शन के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी शुरू से ही हिंदू विरोधी मानसिकता से ग्रसित रही है। सत्ता में रहते हुए भी और विपक्ष में आने के बाद भी कांग्रेस का रवैया नहीं बदला है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का एकमात्र एजेंडा बहुसंख्यक समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाना है। उन्होने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि कांकेर का युवा मोर्चा इस तरह के अपमान का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है और सनातन धर्म के सम्मान से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। भाजयुमो जिला अध्यक्ष संजू गोपाल साहू ने भी कांग्रेस नेताओं की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल केवल एक वर्ग विशेष को खुश करने के लिए हिंदू समाज की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भाजयुमो का प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी संस्कृति, परंपरा और धर्म की रक्षा के लिए संकल्पित है। उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी राजनीतिक दल को हिंदुओं की आस्थाओं पर चोट करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, छग मत्सय बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, राजा देवनानी, अशोक वलेचा, अरविंद जैन, संजय सिंहा, दिनेश रजक, जयंत अटभैया, सपन श्रीवास्तव, रवि तिवारी, देवेंद्र भाऊ, मीरा सलाम, टिकेंद्र ठाकुर, घनेन्द्र सिंह ठाकुर, पीयूष वलेचा, जतिन अटभैया, नितेश सलाम, अंकित तिवारी, दीपांशु जैन, सुनील ठाकुर, चिन्मय लोनहारे, हर्षल गजबिये, भूपेंद्र, भगवत सिंहा, हर्ष फव्यानी, तुषार सहित भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नशे में युवक ने अस्पताल प्रबंधक व स्टाफ पर किया जानलेवा हमला

**कांकेर।** कापसी में स्थित प्राइवेट अस्पताल में शनिवार रात लगभग साढ़े 10 बजे एक युवक ने अस्पताल परिसर में घुसकर डॉक्टर, नर्स और स्टाफ के साथ मारपीट करने और गाली-गलौज करने की घटना को अंजाम दिया। अस्पताल प्रबंधन की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पखांजुर थाना में मामला दर्ज किया गया। पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुँचे अस्पताल प्रबंधक विधान कुमार मल्लिक ने पुलिस को बताया कि आरोपी विश्वजीत दास अस्पताल में बेड पर आकर लेट गया। नर्स ने उसकी स्थिति पूछी तो उसने नर्स से कहा कि डॉक्टर को बुलाए। डॉक्टर जब पहुंचे, तो आरोपी ने उन्हें गालियाँ देते हुए अपमानित किया। डॉक्टर ने विरोध किया तो आरोपी ने डॉक्टर का कॉलर पकड़कर धक्का-मुक्की की। आरोपी के द्वारा की जा रही दबंगई की जानकारी अस्पताल प्रबंधक को



फोन के माध्यम से दिया गया। अस्पताल प्रबंधक विधान कुमार अस्पताल पहुँचते ही आरोपी ने उन्हें भी गालियाँ दी और थप्पड़, मुक्के तथा लातों से हमला किया। मामला इतना बढ़ गया कि आरोपी ने अस्पताल परिसर के बाहर पत्थर से प्रबंधक के सिर पर हमला कर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी की धमकियों और हिंसा के कारण अस्पताल का स्टाफ मानसिक दबाव में है और मरीजों की सुरक्षा भी खतरे में है। प्रबंधक की शिकायत पर पखांजुर थाना में आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 331, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

# अबूझमाड़ के जाटलूर में पहली बार लगा साप्ताहिक बाजार, 20 से अधिक गांवों की ज़िंदगी बदली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिला मुख्यालय से करीब 95 किलोमीटर दूर अबूझमाड़ के सुदूर, दुर्गम और वर्षों तक नक्सल प्रभावित रहे इलाके में विकास ने नया इतिहास रच दिया है। थाना ओरछा और ओरछा ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूर ग्राम जाटलूर में आज़ादी के बाद पहली बार साप्ताहिक बाजार का आयोजन हुआ, जिसने आसपास के 20 से अधिक गांवों के हजारों ग्रामीणों की दशकों पुरानी परेशानी खत्म कर दी।

अब तक अबूझमाड़ क्षेत्र के लोगों के लिए ओरछा बाजार ही एकमात्र सहारा था। भौगोलिक रूप से अत्यंत विस्तृत इस इलाके में ग्रामीणों को अपनी दैनिक जरूरतों के लिए एक दिन पहले पैदल निकलना पड़ता था। पूरा दिन बाजार में गुजर जाता और वापसी में भी उतना ही समय लगता था। कई बार यह सफर केवल थकान ही नहीं, बल्कि जान का जोखिम भी बन जाता था।

## बाहर निकलना भी जहां कभी खतरे से खाली न था, आज उस गांव में सजी हाट

### एसपी की पहल से संभव हुआ बदलाव

थाना ओरछा से 35 किलोमीटर दूर ग्राम जाटलूर में पुलिस अधीक्षक श्री रोबिनसन गुड़िया की पहल पर यह साप्ताहिक बाजार शुरू किया गया है। अब यह बाजार हर शनिवार को लगेगा। प्रशासन और सुरक्षा बलों की मौजूदगी से बाजार में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। ग्राम जाटलूर में पहली बार बाजार लगने से पूरे अबूझमाड़ क्षेत्र में उत्साह और उम्मीद का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यह बाजार उनके लिए सिर्फ खरीद-फरोख्त की जगह नहीं, बल्कि डर से मुक्ति और बेहतर भविष्य की शुरुआत है।



### सुरक्षा कैंप और सड़क ने बदली तस्वीर

क्षेत्र में सुरक्षा बलों के कैंप खुलने और सड़क निर्माण के बाद हालात तेजी से बदले हैं। पहले जहां डर हावी था, अब वहां भरोसा और विकास दिखाई दे रहा है। बाजार खुलने से यह साफ संदेश गया है कि अबूझमाड़ भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ चुका है।

### वनोपज से बढ़ेगी आमदनी

इस बाजार से ग्रामीण अब अपना वनोपज गांव में ही बेचकर सीधा लाभ कमा सकेंगे। इससे न केवल उनकी आमदनी बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। खाद्यान्न, कपड़ा, बर्तन सहित सभी जरूरी सामग्री बाजार में उपलब्ध है।

### चार दशक तक नक्सलवाद की छाया

अबूझमाड़ का यह क्षेत्र करीब चार दशकों तक नक्सलवाद की गिरफ्त में रहा। बाजार जाना भी हर किसी के लिए आसान नहीं था। कई बार चुनिंदा लोगों को ही बाहर जाने की अनुमति मिलती थी। ऐसे में नमक, तेल, कपड़ा और दवा जैसी बुनियादी जरूरतें भी बड़ी चुनौती बन जाती थीं।

### जाटलूर बाजार बना उम्मीद की पहचान

ग्राम जाटलूर में बाजार शुरू होने से अब हालात पूरी तरह बदल गए हैं। डोडीमरका, पदमेटा, लंका, बोटेर, करांगुल, मुरुमवाडा, धोबे, कुमनार, गट्टाकाल सहित 20 से अधिक गांवों के ग्रामीण अब अपनी जरूरत का सामान अपने इलाके में ही खरीद पा रहे हैं। यह बाजार ग्रामीणों के लिए सिर्फ हाट नहीं, बल्कि सहूलियत, सुरक्षा और सम्मान की पहचान बन गया है।

## खबर संक्षेप

### पनारापारा प्रीमियम लीग का किया जा रहा आयोजन

**जगदलपुर**। नगर के प्रवीर और विजय वार्ड के युवाओं द्वारा पनारापारा प्रीमियम लीग का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रवीर वार्ड के प्रभारी अविनाश गौतम तथा प्रकाश रावल मुख्य आतिथ्य के रूप में शामिल हुए। युवाओं में जोश और उत्साह देखा गया। अतिथियों ने कहा, खेल केवल जीत, हार का नाम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीमवर्क है। खेल से शरीर और मन स्वस्थ रहते हैं। पढ़ाई और खेल में संतुलन जरूरी है। नशा से दूरी और खेल जरूरी है के बारे में युवाओं को बताया गया।

### कांग्रेस स्थापना दिवस पर पल्ली आश्रम में कंबल वितरण

**जगदलपुर**। राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर यंग ब्रिगेड सेवादल के द्वारा पल्ली आश्रम में मिष्ठान एवं कंबल का वितरण किया गया । इस दौरान शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, सेवादल कौशल नागवंशी, यंग ब्रिगेड अध्यक्ष नियाज खान, प्रदेश सचिव विनोद भदोरिया,प्रदेश सचिव राजू रोटे,कमलेश तिवारी,मंगडू मरकाम आदि मौजूद रहे।

### टमाटर के दाम बेलगाम, जायके में लग रहा महंगाई का ग्रहण

**जगदलपुर**। शहर के साप्ताहिक बाजार में इन दिनों महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ दी है। बाजार में जाएं तो टमाटर के दाम आसमान छू रहे हैं, जिसका सीधा असर लोगों की जेब पर दिख रहा है। महंगाई ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है, रोजमर्रा की जरुरतों से लेकर घर चलाने तक हर छोटे-बड़े खर्च में आग लग गई है। बाजार में जाएं तो सब्जियों के दाम आसमान पर है, जिनमें टमाटर भी एक है। टमाटर के चढ़ते दाम से आम आदमी के पसीने छूट रहे हैं और वे रसोई के बजट पर राशनिंग करने को मजबूर हो रहे हैं। बाजारों में लाल टमाटर की बढ़ी कीमतों ने ग्राहकों को परेशान कर दिया है। आमतौर पर दिसंबर के अंतिम सप्ताह में बाजार में टमाटर 20 प्रति किलोग्राम बिकता है, लेकिन इस बार टमाटर 50 से 60 रुपए प्रति किलोग्राम बिक रहा है। खरीददारों का कहना है कि टमाटर महंगा होने की वजह से इसका असर किचन से लेकर जेब तक पड़ रहा है।

मटर 40 रुपए किलो में बिका : बाजार में मटर 40, करेला 100, फूलगोभी 40, पत्तागोभी 40, भिंडी 80, आलू 30, प्याज 40, अदरक 180, लहसून 250 रूपए किलो और लालभाजी, पालकभाजी 20 रुपए में 12 जूड़ी बिक रही है।

### ग्रामसभा में बताया, पेसा कानून और आदिवासियों के अधिकार

**जगदलपुर**। छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के तत्वावधान में ग्राम पंचायत कुरंदी 2 के पारा डोगरीगुड़ा में आज ग्रामसभा का गठन किया गया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से राधा कश्यप को सभापति नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं समाज प्रमुखों की उपस्थिति रही। राजा राम तोड़ेम प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, रमेश गोयल, युवा प्रभाग अध्यक्ष बलिराम पुजारी उपाध्यक्ष, सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने ग्राम सभा के महत्व, संवैधानिक अधिकारों, कर्तव्यों एवं शक्तियों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही पेसा कानून, समाज की रीति-नीति तथा संविधान में निहित आदिवासी अधिकारों पर प्रकाश डाला।

## कार्रवाई : मां बेटे हत्याकांड में पति समेत 7 लोगों की हो चुकी गिरफ्तारी

# पिता ने 3 साल के बेटे के गले से दोनों हाथ बांध हत्या की, फिर फेंक दिया तालाब में, शव बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कोंडागांव जिले के सबसे बड़े और सनसनीखेज हत्याकांड के मामले में एक बार फिर पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। मां के बाद अब बच्चे की लाश भी बरामद कर ली गई है। विगत 23 दिसम्बर को फरसगांव पुलिस ने ओडिसा के इंद्रावती नदी से मृतिका भगवती सेठिया की लाश बरामद किया था।

■ पोस्टमॉर्टम बाद शव परिजनों को सौंपा गया

वहीं मृतिका के पति समेत 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। लेकिन बच्चे की लाश अब तक पुलिस के हाथ नहीं लगी थी। लेकिन शनिवार को ओडिसा के सिंगसारी चौकी क्षेत्र के अमलागुड़ा तालाब से 3 वर्षीय बच्चे वात्सल्य सेठिया की लाश भी बरामद कर ली गई है। जिसका रविवार को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है।



जानकारी देते हुए फरसगांव थाना प्रभारी विकास रॉय ने बताया कि मुख्य आरोपी रोहित सेठिया के बताए अनुसार ओड़सिा के सिंगसारी क्षेत्र की अमलागुड़ा तालाब में बच्चे की लाश को फेंकना बताया गया था। जिसके तहत ओड़सिा वन विभाग के अधिकारियों के सहयोग से शनिवार को पूरी तालाब का पानी निकलवाया गया। तब जाकर बच्चे की लाश हमें बरामद हुई। बच्चे के गले और दोनों पैर बंधे हुए थे। उसके सिर पर ग्रीन नेट से एक बड़े पत्थर को बांधकर उसे तालाब में फेंका गया था। इस निर्मम हत्या ने मानवता को शर्मसार कर दिया है।

### लोगों में आक्रोश

उल्लेखनीय है कि मानवता को शर्मसार कर देने वाली इस दोहरे हत्याकांड की गुत्थी सुलझाना फरसगांव पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुका था। कोंडागांव एसपी पंकज चंद्रा के निर्देशानुसार एडिशनल एसपी कौशलेंद्र पटेल और एसडीओपी अभिनव उपाध्याय स्वयं पूरे मामले की मॉनिटरिंग कर रहे थे। थाना प्रभारी विकास रॉय और साइबर सेल प्रभारी सौरभ उपाध्याय अपनी टीमों के साथ लगातार ओड़सिा की खाक छानने में लगे हुए थे। वहीं एक टीम फरार आरोपियों की पतासाजी में जुटी हुई थी। तमाम तकनीक साक्ष्य खंगालने और जमीनी स्तर पर मेहनत करने के परिणामस्वरूप पुलिस ने इस डबल मर्डर के केस को सुलझा लिया है। मुख्य आरोपी रोहित सेठिया समेत कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

# छत्तीसगढ़ में सरकारी कर्मचारियों का तीन दिवसीय आंदोलन आज से, कार्यालय रहेंगे बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों में 29 से 31 दिसंबर तक ताला लगेगा। राज्य के 120 संगठनों से जुड़े करीब पांच लाख अधिकारी-कर्मचारी तीन दिवसीय निश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन पर रहेंगे। यह आंदोलन छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले जिला मुख्यालयों के साथ विकास खंड में आयोजित किया जाएगा।

जिला सह संयोजक लोकेश गायकवाड़ ने बताया कि विधानसभा चुनाव से पूर्व भाजपा द्वारा कर्मचारियों से किए गए वादे 'मोदी की गारंटी' अब तक पूरे नहीं हुए हैं। इसी नाराजगी के चलते प्रदेशभर के कर्मचारी-अधिकारी आंदोलन के लिए मजबूर हुए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं हुआ, तो फेडरेशन अनिश्चितकालीन पर जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। 29, 30 और 31 दिसंबर को सभी जिलों में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन सौंपकर सरकार का ध्यान 11 सूत्रीय मांगों की ओर आकृष्ट किया जाएगा।

### फेडरेशन ने ज्ञापन में रखी अपनी मांगे दोहराई

फेडरेशन ने बताया कि आंदोलन के प्रथम चरण में 16 जुलाई 2025 तथा द्वितीय चरण में 22 अगस्त को सभी जिला कलेक्टरों के माध्यम से मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया था। इसके बावजूद त्वरित निराकरण न होने से कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। आंदोलन के दौरान जिले के समस्त शासकीय कार्यालय, स्कूल और अस्पताल केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता (डीए) व महंगाई राहत (डीआर)। वर्ष 2019 से लंबित डीए एरियर को कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजन। लिपिक, शिक्षक, स्वास्थ्य, महिला-बाल विकास सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों के निराकरण के लिए पिंगुआ कमेटी रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। चार स्तरीय पदोन्नति/समयमान वेतनमान - 8, 16, 24, 32 वर्ष। सहायक शिक्षक एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को त्रिस्तरीय समयमान।

# डाकघर में अब पार्सल पैकिंग के साथ–साथ रैपिंग कर समय पर वितरण करने की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

उप–डाकघर कोंडागांव में अब पार्सल करना और भी आसान हो गया है जिसमे कम दर पर पार्सल पैक कर एवं पालीथीन के द्वारा रैपिंग मशीन से रैप कर सीधा सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा सकता है। यह सुविधा अब कोंडागाँव डाकघर मे उपलब्ध हो गया है। बस्तर डाक अधीक्षक ज्ञानेश कुमार मिश्रा ने बताया है कि इस सेवा शुरू होने से कोंडागांव के ग्राहकों को बड़ी सुविधा मिलेगी। महानगरों तथा अन्य राज्यों में पहुंचने का समय से पहले एवं एक शहर से दूसरे शहर में सीधा प्रेषित किया जा सकता है इस सुविधा से त्योहारों एवं ई–कामर्स के उच्च सीजन में तेज निकासी व महत्वपूर्ण दस्तावेज पार्सलों के लिए बेहतर ट्रेकिंग और समयबद्ध डिलिवरी होगी।

■ मेल मानिटरिंग यूनिट की स्थापना निगरानी आसान

भारतीय डाक विभाग बस्तर डाक संभाग द्वारा स्पीड पोस्ट पत्रें, पार्सलों तथा अन्य समस्त जवाबदेह डाक की बुकिंग, प्रेषण एवं वितरण की विशेष निगरानी के लए एक समर्पित मेल मानिटरिंग यूनिट की स्थापना की गई है। यह यूनिट बस्तर प्रभाग के भीतर एवं बाहर से प्राप्त होने वाले सभी डाक पत्रें एवं पार्सलों की एंड–टू–एंड निगरानी सुनिश्चित करेगी। मेल मानिटरिंग यूनिट डिजिटल मानिटरिंग टूल्स, दैनिक प्रदर्शन रिपोर्ट एवं सभी डाकघरों के मेल संबंधित कार्य, उपडाकघर, शाखा डाकघर एवं डिलीवरी

भारतीय डाक
India Post

कर्मियों के नाथ समन्वय व सुधार लाएगी।

**तेज व भरोसेमंद स्पीड पोस्ट सेवा होगी उपलब्ध :** अधीक्षक ने कहा कि रायपुर एयर कार्गो सुविधा के उपयोग से छत्तीसगढ़ विशेषकर बस्तर क्षेत्र के ग्राहकों को अब और तेज तथा भरोसेमंद स्पीड पोस्ट सेवा उपलब्ध कराई जा सकेगी। यह डाक विभाग की लाजिस्टिक सुविधा को आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है साथ ही मेल मानिटरिंग यूनिट की स्थापना से हमारी परिचालन क्षमता में बड़ी वृद्धि होगी। स्पीड पोस्ट और पार्सल सेवाओं पर विशेष ध्यान देने के साथ बस्तर के ग्राहकों को अब बुकिंग से लेकर वितरण तक तेज एवं भरोसेमंद सेवा प्रदान की जा सकेगी।

**विशेष रूप से ये कार्य शामिल :** बुक होने वाले स्पीड पोस्ट एवं पार्सल का आउट वर्ड मॉनिटरिंग, संभाग में वितरण के लिए प्राप्त होने वाले सभी स्पीड पोस्ट एवं पार्सल का इनवर्ड मॉनिटरिंग, बैग मूवमेंट, समयबद्ध डिस्पैच एवं ट्रांजिट प्रदर्शन की नियमित समीक्षा, वितरण में देरी की पहचान तथा तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई।



## एफएनएल से प्रशिक्षित माताओं से बच्चों की शिक्षा को मिली नई दिशा

**कांकेर**। जिले के नरहरपुर सरोना ब्लॉक के 25 गांवों में एकेओ डोनर के आर्थिक सहयोग से प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा हमारा गांव कार्यक्रम का सफल संचालन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव के सभी बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है। विशेषकर कक्षा पहली व दूसरी एवं आंगनबाड़ी 3 से 5 वर्ष के बच्चों में भाषा, गणित, सामाजिक-भावनात्मक एवं संज्ञानात्मक विकास को सशक्त बनाना। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा पहली व दूसरी के बच्चों की माताओं को यह सिखाया जा रहा है कि वे घर पर अपने बच्चों की पढ़ाई में प्रभावी ढंग से कैसे सहयोग कर सकती हैं। इसके लिए प्रथम के कार्यकर्ता समुदाय स्तर पर जाकर माताओं को नियमित रूप से प्रशिक्षण दे रहे हैं। ब्लॉक समन्वयक कमल किशोर सिन्हा ने बताया कि फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरसी के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए माताओं को प्रशिक्षित करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि बच्चे के प्रथम गुरु माता-पिता ही होते हैं। प्रशिक्षण के दौरान माताओं को खेल-आधारित एवं रोचक शिक्षण पद्धतियाँ सिखाई जा रही हैं, जिनमें कहानी, गीत, खेल, अड़िया कार्ड, क्यूआर कोड आधारित गतिविधियाँ तथा स्थानीय संसाधनों का उपयोग शामिल है, जिससे बच्चों के लिए सीखना आनंददायक बन सके और इसके साथ ही माता प्रशिक्षण, सामुदायिक बैठकें एवं गांव स्तर की गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार किया जा रहा है। संस्था की ओर से माताओं और बच्चों को घर पर सीखने में सहायता के लिए टीएलएम सामग्री, वर्कशीट, रंग, पेंसिल, रबर और कॉपी का भी वितरण किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं हेमेंद्र पंमार, राकेश नेताम, राजेंद्र निषाद, बालमुकुंद साहू, मैनुद्दीन खान, नविता यादव, प्रियंका साहू एवं चंद्रप्रभा साहू द्वारा दिया जा रहा है।

# सेहत की जानकारी ली व दी भाजपा कार्यकर्ता को 25 हजार की सहायता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

भारतीय जनता पार्टी सरोना मंडल के कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक संवेदनशीलता और समर्पण का परिचय देते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील वट्टी के प्रति सहयोग की भावना व्यक्त की। भाजपा मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उनके धनेशरा स्थित निवास पहुंचे, जहां उन्होंने सुनील वट्टी की स्वास्थ्य की जानकारी ली और मंडल की ओर से 25000 हजार रूपए की सहयोग राशि प्रदान की।

भाजपा मंडल अध्यक्ष टेकेशवर सिन्हा ने कहा कि सुनील वट्टी जीवनभर भारतीय जनता पार्टी को समर्पित रहे हैं। उन्होंने संगठन के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य किया है और आज जब उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है, तब पार्टी के कार्यकर्ताओं का यह कर्तव्य बनता है कि वे उनके साथ खड़े रहें। उन्होंने कहा कि सुनील वट्टी की सेवाओं और संघर्षों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनकी कार्यशैली, अनुशासन और संगठन के प्रति निष्ठा आज भी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं की ओर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने कहा कि सुनील वट्टी एक अनुभवी, मार्गदर्शक और समर्पित नेता हैं। पार्टी संगठन को समय-समय पर उनके अनुभव और सलाह का लाभ मिलता रहा है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य हीरा मरकाम ने कहा कि सुनील वट्टी ने हमेशा समाज के कमजोर, गरीब और जरूरतमंद वर्ग की सहायता की है।

इस अवसर पर यशवंत सुरोजिया, जनपद सदस्य चिंतामणि रामटेके, अजय हिरवानी, जीवन नेताम, मंडल उपाध्यक्ष अशोक निषाद, रुक देव यादव, निलेश गोलछा, अनिल गजपाल, दीपक साहू, डॉ ढालेश्वर सोनकले, नागेंद्र सुरोजिया, दिनेश पांडे, भागवत जैन, प्रभारी अशोक लुनावत सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**जहरीले पदार्थ के सेवन के बाद गंभीर हालत में आया था**

# जिला अस्पताल में डॉक्टरों व नर्सों की मेहनत से बचा नन्हा जीवन

**नारायणपुर**। जिले के मेटाडोंगरी निवासी 3.5 वर्षीय बालक को 6 दिसंबर 2025 की शाम अत्यंत गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल नारायणपुर में भर्ती कराया गया। परिजनों द्वारा दी गई प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बच्चे को सर्पदंश की आशंका बताई गई, जिसके आधार पर तत्काल उपचार शुरू किया गया। शुरुआती इलाज से बच्चे की स्थिति में अगली सुबह कुछ सुधार हुआ, लेकिन कुछ ही घंटों बाद शाम को उसकी हालत फिर तेजी से बिगड़ने लगी।



स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सिविल सर्जन डॉ. विनोद भोयार के नेतृत्व में डॉ. आदित्य केकती, डॉ. हिमांशु सिन्हा, डॉ धनराज सिंह डरसेना,डॉ. शिवांगी एवं डॉ. एकता सहित अस्पताल का पूरा चिकित्सा दल तुरंत सक्रिय हो गया। लगातार प्रयासों और बार-बार पूछताछ के बाद परिजनों ने अंततः यह जानकारी दी कि बच्चे ने 24 से 36 घंटे पहले किसी ऑर्गेनोफॉस्फोरस (कीटनाशक) जैसे जहरीले पदार्थ का सेवन किया था।

### 5 दिन के लगातार संघर्ष के बाद बच्चे ने खोली आंख

लगातार पांच दिनों तक चले कठिन संघर्ष और गहन चिकित्सा देखभाल के बाद बच्चे ने आखिरकार आंखें खोलीं। यह क्षण डॉक्टरों, नर्सों और परिजनों सभी के लिए राहत और खुशी का था। इसके बाद पांच दिनों के फॉलोअप उपचार के उपरांत बच्चे की हालत में लगातार सुधार हुआ और उसे स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### परिजनों नें व्यक्त किया आभार

आईसीयू और शिशु रोग विभाग की नर्सों एवं डॉक्टरों की टीम के अथक प्रयासों से भावुक परिजनों ने आंसुओं के साथ उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. टी. कुंवर ने पूरी चिकित्सा टीम और नर्सिंग स्टाफ को इस जटिल एवं चुनौतीपूर्ण मामले को सफलतापूर्वक संभालने और वर्ष के अंत में एक मासूम को नया जीवन देने के लिए बधाई दी।

### कोमा जैसी स्थिति से बच्चे को उबारा

जहरीले पदार्थ के लंबे समय पहले सेवन के कारण बच्चे की हालत अत्यंत नाजुक हो चुकी थी। बच्चा कोमा जैसी स्थिति में पहुंच गया था, किसी भी प्रकार की प्रतिक्रिया नहीं दे रहा था। फेफड़ों में तरल भर जाने के कारण उसे सांस लेने में अत्यधिक तकलीफ हो रही थी और ऑक्सीजन पर रखा गया। जानकारी मिलते ही डॉक्टरों की टीम देर रात तक अस्पताल में डटी रही और आवश्यक उपचार व निगरानी से बच्चे को स्थिर किया गया।

## टिफिन बॉक्स और बीयर की बोतल में लगे दो आईईडी बरामद

**बीजापुर**। जिले के थाना गंगालूर क्षेत्रांतर्गत एफओबी कोप्पागुड़ा से 199 वाहिनी केरिपु की टीम पीड़िया क्षेत्र में एरिया डॉमिनेशन एवं डिमाइनिंग ड्यूटी पर निकली थी। अभियान के दौरान पीड़िया कैम्प से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर निमार्णाधीन सड़क से करीब 50 मीटर दूर माओवादियों द्वारा लगाए गए दो आईईडी बरामद किए गए। दोनों विस्फोटक डिमाइनिंग के दौरान समय रहते सुरक्षाबलों की नजर में आए। बीडीडी टीम की सहायता से दोनों आईईडी को मौके पर ही नष्ट किया गया। बरामद आईईडी में एक टिफिन बॉक्स में तथा दूसरा बीयर की बोतल में लगाया गया था, जिन्हें प्रेशर मैकेनिज्म से सक्रिय किया गया था। सुरक्षाबलों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से माओवादियों की साजिश विफल हो गई।

पेज 09 के शेष...

### बनसागर की शिव...

के आयोजन से पूरे गांव का वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया है। बच्चे, युवा, महिलाएं एवं बुजुर्ग सभी श्रद्धा और उत्साह के साथ कथा श्रवण कर रहे हैं। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं।

शिव महापुराण कथा में ग्राम बनसागर सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आयोजन में लखनलाल कौशिक, भोजराज कौशिक, वीरेंद्र कौशिक एवं समस्त कौशिक परिवार (बनसागर), बुद्धूराम सुरोजिया, रामकृष्ण पटेल, रमेश कुमार साहू, जीवनलाल कुंजाम, देवेंद्र पटेल, बैदूराम साहू सहित अनेक श्रद्धालु एवं ग्रामवासी नियमित रूप से कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

### दुर्गूकोंदल में धान...

दमकसा, पुजारी पारा, पचागी, कोड़े और हाटकोंदल में भी यही स्थिति बनी हुई है। अब केवल 20 से 22 दिन शेष हैं और यदि जल्द धान का उठाव शुरू नहीं हुआ, तो बचे हुए किसानों का धान खरीदी के लिए समय रहते केंद्र तक नहीं पहुंच पाएगा। किसानों को होने वाली परेशानी को देखते हुए प्रबंधकों और प्रभारी अधिकारियों ने केंद्रों से शीघ्र धान उठाव शुरू करने की मांग की है, ताकि खरीदी कार्य सुचारू रूप से जारी रह सके।

### सार्वजनिक शराब...

टीम ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों की पहचान मुकेश नेताम और हितेश नेताम के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

## खबर संक्षेप

### महिला क्रिकेट स्पर्धा व रस्सा खीच काआयोजन



**गीदम।** जिले की पर्यटन नगरी बारसूर में नए साल के जश्न मिलन समारोह के रूप में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे ग्रामीण टीम, महिला बाल विकास,, महिला पुलिस सीनियर व जूनियर महिला बारसूर के मध्य एक दिवसीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट व रस्सा खीच का आयोजन किया गया। आयोजित किए गए सीनियर महिला क्रिकेट टीम में पुलिस लाइन बारसूर द्वारा पहले बैटिंग करते हुए 8 ओवर में 55 रन बनाया। महिला बाल विकास विभाग बारसूर को 56 का लक्ष्य दिया गया था। अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए महिला बाल विकास विभाग ने 56 रन बनाकर जीत हासिल दर्ज की। विजेता टीम को 5 हजार का इनाम दिया गया। वहीं महिला पुलिस टीम को 3 हजार नगद इनाम दिया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुभद्रा नेगी, दीनेश्वरी मांझी, जसवीर नेगी, बारसूर थाना प्रभारी संजय उरसा, महिला बाल विकास अधिकारी नरेश बोई सहित ग्रामीण भी मैच देखने पहुंचे थे।

## निधन

### बिटोल देवी भदौरिया



**जगदलपुर।** शांति नगर वार्ड जगदलपुर निवासी नत्थू सिंह भदौरिया की पत्नी बिटोल देवी भदौरिया का शुक्रवार को रात्रि 10 बजे आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार निज निवास ग्राम तोंगपाल जिला सुकमा में शनिवार को किया गया। वह शैलेन्द्र सिंह भदौरिया तथा हरेंद्र सिंह भदौरिया की माता थी।

# किसानों को परियोजना से संबंधित उद्देश्यों, गतिविधियों एवं लाभों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

अखिल भारतीय जैविक नियंत्रण अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत आदिवासी उप परियोजना के तहत कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा में जैविक कीट नियंत्रण पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख ओम प्रकाश ने किसानों को परियोजना से संबंधित उद्देश्यों, गतिविधियों एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने परियोजना के माध्यम से आदिवासी क्षेत्रों में जैविक एवं सुरक्षित कृषि को बढ़ावा देने पर बल दिया। इसके पश्चात डॉ. वाई.के. मेश्राम सहायक प्राध्यापक कीट विज्ञान विभाग द्वारा किसानों को परियोजना के उद्देश्यों के अनुरूप जैविक कीट नियंत्रण तकनीकों पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने फसलों में लगने वाले प्रमुख कीटों की पहचान, उनके प्राकृतिक शत्रुओं, ट्राइकोग्रामा, बीटी, एनपीवी एवं अन्य जैविक उपायों के प्रयोग की विधियों की जानकारी दी।

डॉ. मेश्राम ने बताया कि जैविक कीट नियंत्रण पर्यावरण के लिए सुरक्षित होने के साथ-साथ किसानों की लागत कम करता है तथा फसल की गुणवत्ता में सुधार लाता है। भाकृअनुप-राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलुरु से डॉ. ए. कंदन प्रमुख वैज्ञानिक ने पौध संरक्षण के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को जैविक कीट नियंत्रण से संबंधित सामग्री का वितरण किया गया तथा उन्हें रासायनिक कीटनाशकों के स्थान पर जैविक विकल्प अपनाने हेतु प्रेरित किया गया।

**जैविक कीट नियंत्रण पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित**



#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा के वैज्ञानिक डॉ. डिप्रोशन बंजारा, डॉ. प्रवीण कुमार निषाद एवं एस.के. पोडयाम उपस्थित रहे। साथ ही बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। किसानों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए इसे अपने खेतों में अपनाने की इच्छा व्यक्त की।

### नक्सल प्रभावित क्षेत्र में विकास की नई पहल

# डोडीमरका में नवीन सुरक्षा एवं जन-सुविधा कैंप स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के थाना फरसेगढ़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम डोडीमरका में 26 दिसंबर को नवीन सुरक्षा एवं जन-सुविधा कैम्प की स्थापना सफलतापूर्वक की गई। यह कैंप डीआरजी, जिला बल तथा छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 7वीं वाहिनी 'बी' समवाय की संयुक्त टीमों द्वारा स्थापित किया गया है।

दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों, घने जंगलों और कड़ाके की ठंड के बावजूद सुरक्षा बलों ने अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प एवं उच्च मनोबल का परिचय देते हुए इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को अंजाम दिया। यह कैम्प न केवल सुरक्षा की दृष्टि से अहम है, बल्कि इससे क्षेत्रीय विकास को भी नई दिशा मिलेगी।


इस कैंप की स्थापना से भोपालपटनम, फरसेगढ़, सेण्ड्रा एवं महाराष्ट्र के गढ़चिरौली क्षेत्र के बीच अंतर्राज्यीय संपर्क को मजबूती मिलेगी। साथ ही नेशनल पार्क क्षेत्र के सुदूर गांवों को सड़क, पुल-पुलिया एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त होगा।

नवीन सुरक्षा कैम्प के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पेयजल, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस), मोबाइल नेटवर्क एवं परिवहन जैसी मूलभूत सुविधाएं सुलभ होंगी। इससे माओवादियों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में सहायता मिलेगी और क्षेत्र में स्थायी शांति का वातावरण बनेगा। वर्ष 2024 से अब तक बीजापुर जिले में कुल 29 नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित किए जा चुके हैं। इन प्रयासों के फलस्वरूप 923 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है, 221 माओवादी मुठभेड़ों में मारे गए हैं तथा 1100 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है।

यह कैंप छत्तीसगढ़ शासन की नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुंदरराज पी पुलिस उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप तथा पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव के मार्गदर्शन में स्थापित किया गया। कैंप स्थापना से क्षेत्र के ग्रामीणों में उत्साह और विश्वास का माहौल देखा जा रहा है।

# 58 की उम्र में 6 किलोमीटर दौड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल



क्षेत्र के देवनाथ ठाकुर आज इलाके में फिटनेस और अनुशासन की मिसाल बन चुके हैं। 58 वर्ष की उम्र में जब अधिकांश लोग आराम और घर तक सीमित हो जाते हैं, उस उम्र में देवनाथ ठाकुर रोज़ सुबह 5 बजे कड़कड़ाती ठंड में केवल एक लंगोट पहनकर 5 से 6 किलोमीटर की दौड़ लगाते हैं और अपनी फिटनेस का लोहा मनवा रहे हैं। उनकी दिनचर्या न सिर्फ मजबूत इच्छाशक्ति को दर्शाती है बल्कि यह भी साबित करती है कि उम्र कभी भी मेहनत और जुनून के आड़े नहीं आती। नियमित दौड़ और कठोर अभ्यास के कारण उनकी बॉडी आज भी चुस्त-दुरुस्त और युवाओं जैसी ऊर्जा से भरी हुई है। उनका जज्बा और अनुशासन किसी युवा खिलाड़ी से कम नहीं है। गांव के युवा उन्हें आदर्श मानते हैं और उनकी फिटनेस से प्रेरणा लेते हुए उनसे सीख लेने की बात कहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि देवनाथ ठाकुर ने यह साबित कर दिया है कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर किसी भी उम्र में खुद को फिट रखा जा सकता है। आज वे न केवल अपने गांव बल्कि पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गए हैं।

- कड़कड़ाती ठंड में लंगोट पहन फिटनेस का लोहा मनवा रहे



## शैलेश बने आयोजन समिति के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम ब्लॉक के ग्राम कासोली में वार्षिक कोया (करसाड़) सम्मेलन का आयोजन समिति का गठन किया गया। गौरतलब है कि कोया आदिवासी समाज द्वारा प्रतिवर्ष वार्षिक उत्सव मनाया जाता है जो कि अपने समाज में एकता नई युवा पीढ़ी को रीति रिवाज आदि के बारे में जानकारी साझा किया जाता है। जिससे युवा पीढ़ी को बदलती परिवेश में अपनी संस्कृति की सृजन हो सके तथा अपने हक अधिकार पेशा ग्राम सभा में नागरिक अधिकार, युवाओं को पलायन रोकने एवं कृषि आधारित रोजगार मूलक गतिविधि अपने ही गांव में कैसे किया जाय इन आदि विषयों पर जानकारी दिया जाता है। इस वर्ष के सफल आयोजन करने के लिए आयोजन समिति का अध्यक्ष शैलेश अटामी को बनाया गया। संरक्षक चैतराम अटामी विधायक दंतेवाड़ा, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र भास्कर व लक्ष्मीनाथ पोड़ीयाम को बनाया गया। मुख्य व्यवस्था का प्रभार सुदराम भास्कर व राजेश कश्यप को दिया गया। उपाध्यक्ष मनोज कोर्राम, रिशु राम कश्यप, मालती इस्ताम, मासा राम लेकाम, सचिव लैस नेताम, सहसचिव चेतराम भास्कर, कोषाध्यक्ष सुदरु राम लेकाम, सह कोषाध्यक्ष रवि प्रकाश ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य शकुंतला भास्कर, सुमित्रा अलामी एवं विकासखंड गीदम के समस्त पदेन सरपंच जनपद के सदस्य होंगे। बैठक में कोया समाज के जिलाध्यक्ष बल्लू भवानी, सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष सुरेश कर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष महादेव नेताम, बस्तरिया सर्व समाज जिलाध्यक्ष सत्यनारायण कर्मा, सुदराम भास्कर, सचिव बुधराम नाग रामलाल नेताम, जीला राम कोर्राम, कुम्मा राम कश्यप, जितेंद्र वटी बलराम कश्यप, बीजू राम कश्यप, मडा राम वेक, जोगा कश्यप, सोमारु कड़ती, लखमा तामो, तुलसी मरकाम, आनंद मुड़ामी, जे आर नुरेठी, सत्यवान भास्कर, सुकड़ा तामो, मोती राम सोढ़ी मौजूद रहे।

- वार्षिक सम्मेलन कोया करसाड़ आयोजन समिति का हुआ गठन

# दूरस्थ वनांचल पूवर्ती में कलेक्टर ने किया जनसंवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



सुकमा जिला के नव पदस्थ कलेक्टर अमित कुमार ने शनिवार को दूरस्थ क्षेत्र ग्राम पूवर्ती का दौरा कर ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से आधार कार्ड अनिवार्य रूप से बनवाने कहा कि ताकि आधार के माध्यम से शासन की अधिकांश योजनाओं का लाभ आप सभी हितग्राहियों को मिल पाए। उन्होंने ग्रामीणों को जानकारी दी कि ग्राम में पट्टा बनाने, सामुदायिक भवन, स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनवाड़ी केंद्र के निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा।

- पूवर्ती में संचालित विकास कार्यों का किया निरीक्षण

कलेक्टर अमित कुमार ने ग्राम पूवर्ती में संचालित विकास कार्यों का निरीक्षण किया। आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने मध्यम कुपोषित बच्चे को एनआरसी पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कर समुचित देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनवाड़ी के माध्यम से बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को समय पर पोषण आहार उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने हेतु गाय एवं बकरी शेड निर्माण के प्रकरण स्वीकृत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को आवास स्वीकृति प्रदान करने, श्रम पंजीयन हेतु ग्राम में विशेष शिविर आयोजित करने तथा एनआरएलएम के माध्यम से आजीविका गतिविधियों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्राम पूवर्ती में विद्युत व्यवस्था एवं नलकूप सुविधा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

#### स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा

कलेक्टर ने स्वास्थ्य स्टाफ से दूरस्थ क्षेत्रों में चल रहे मलेरिया जांच अभियान की जानकारी ली। उन्होंने मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम पर विशेष ध्यान देने एवं संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही हेल्थ सेंटर एवं पंचायत भवन के लिए उपयुक्त भूमि चिन्हांकन करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। ग्राम पूवर्ती स्थित पीडीएस भवन का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने राशन भंडारण की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम में यदि कोई दिव्यांगजन पात्र है, तो उसे निशक्तजन राशन कार्ड के अंतर्गत नियमित रूप से राशन उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

# भजनों ने श्रद्धालुओं को देर रात तक बांधकर रखा

## सनातन जागरण एकता मंच ने किया तुलसी पूजन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सनातन जागरण एकता मंच के द्वारा मावली माता मंदिर में तुलसी पूजन का आयोजन किया गया। चैतन्य कीर्तन मंडल के द्वारा सुंदरकांड व हनुमान चालिसा पाठ किया गया। प्रसाद व भण्डारा का भी आयोजन किया गया। भजनों ने श्रद्धालुओं को देर रात तक बांधकर रखा। आगामी 22 जनवरी को श्री राम की जन्म भूमि में प्राण प्रतिष्ठा में आलोक पर्व का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सांस्कृतिक, सामाजिक व सांस्कारिक कार्यक्रमों का आयोजन छात्र छात्राओं के राम दरबार झांकी, फैन्सी ड्रेस व 11001 दीपो का प्रजवल्लन श्री राम मंदिर समुंद चौक में किया जायेगा ।

तुसली पूजन के कार्यक्रम में सनातन जागरण एकता मंच के अध्यक्ष दामोदर कुमार, सचिव नलीन शुक्ला, पी सुरेश, ललित मोहन साहू, अनिल ठाकुर, गजेन्द्र साहू, नागेश्वर सोनी, गणेश दहिया, संतोष पाल, एच कुकड़े, प्रतिक श्रीवास्तव, देवश्री भंडारी, नेहा श्रीवास्तव, आरती राय, तिलोमाली, पूजा यादव, जानकी, ममता दीप, मुकेश सिंह, गोरी सोनी, रजनी उपाध्याय चन्द्रिका नेताम व सदस्यगण उपस्थित थे ।

**दरभा के नेगानार में आयुष स्वास्थ्य मेले का आयोजन**

# 537 ग्रामीणों ने कराया निःशुल्क उपचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

शासन के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से विकासखंड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेले का भव्य आयोजन ग्राम नेगानार (ब्लॉक दरभा) में किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आयुर्वेद व होम्योपैथी आयुष पद्धतियों के प्रति विशेष रुचि दिखाई। शिविर में कुल 537 रोगियों का पंजीयन किया गया, जिन्हें विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क परामर्श और दवाइयां प्रदान की गईं। काढ़ा वितरणः मौसमी बीमारियों से बचाव और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से 256 लोगों को विशेष आयुष काढ़े का वितरण किया गया। शिविर में वात रोग, चर्म रोग, स्त्री रोग और उदर रोगों से संबंधित मरीजों का आयुर्वेद एवं होम्योपैथी पद्धति से उपचार किया गया।स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पर जोरशिविर में उपस्थित चिकित्सकों ने ग्रामीणों को जीवनशैली में बदलाव और जड़ी-बूटियों के महत्व के बारे में जानकारी दी। ग्रामीणों ने बताया कि घर के पास ही विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह मिलने से उन्हें काफी राहत मिली है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आने वाले समय में अन्य ग्राम पंचायतों में भी इस तरह के शिविर लगाए जाएंगे ताकि अंतिम व्यक्ति तक आयुष चिकित्सा का लाभ पहुंच सके। मुख्य अतिथि सरपंच नेगानार श्रीमती मौर्या, चिकित्सा अधिकारी एवं शिविर प्रभारी डॉ विजय मिश्रा,डॉ मनोज त्रिपाठी, डॉ चंद्रहास कश्यप, डॉ अरुण सिंह, डॉ शिवगोविंद सिंह, फार्मासिस्ट बेनीराम यादव, टीकाराम सिडार एवं अन्य कर्मचारी गण मौजूद रहे।

**शहीद रंजीत कश्यप की स्मृति में रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता**

# जगदलपुर ने भोपाल को 7 विकेट से हराकर खिताब पर किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज : भोण्ड /बस्तर/

घाटलोहंगा



नगर पंचायत स्थित लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में शहीद स्व. रंजीत कश्यप की स्मृति में आयोजित रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अलग-अलग राज्यों एवं जिलों से आए खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबले दर्शकों के लिए रोमांच से भरपूर रहे। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक लखेश्वर बघेल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल एवं समापन अवसर में उपस्थित रहे। आयोजन समिति के सदस्यों ने उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक ने सेमीफाइनल मुकाबले से पूर्व दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा अपने सानिध्य में टॉस कराकर मैच का शुभारंभ कराया।

सेमीफाइनल मुकाबले में भोपाल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और बालेंगा की टीम को 112 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए बालेंगा की टीम अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सकी और भोपाल की टीम ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया।

शनिवार रात्रि को खेले गए फाइनल मुकाबले में जगदलपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भोपाल की टीम को 7 विकेट से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। भोपाल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 89 रन बनाए। जवाब में उतरी जगदलपुर की टीम ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए मात्र 7 ओवरों में ही लक्ष्य हासिल कर प्रतियोगिता में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की।

प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज का खिताब भोपाल टीम के शिवम पोलार्ड को दिया गया । नगद 10,000 रुपये एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए जगदलपुर टीम के अनश को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में 1 लाख 11 हजार 111 रुपये एवं द्वितीय पुरस्कार के रूप में 55 हजार 555 रुपये की राशि रखी गई थी।

विधायक ने कहा कि बस्तर में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा देती हैं । उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि रात 12 बजे तक हजारों की संख्या में उपस्थित दर्शक इस प्रतियोगिता की सफलता का प्रमाण हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ दिलीप सिंह सेंगर, पार्षद अंकित पारख, नरसिंग नागेश सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन में रजनीश पटेल, अंकित पारख, कमलेश शील, सानु यादव, देवेंद्र यादव, नरेंद्र भारती, कुंदन झा, कृष्णा बघेल, शुभाष, लक्की, करण, पलाश, हर्ष, द्रविड़, राज, कुनाल, योगी, भान देव, नरसिंह, अभिषेक सिंह, संजय, खगे एवं विनय का योगदान सराहनीय रहा। उपस्थित दर्शकों ने भी इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप



### दरगढ़ में तीन दिनी प्रो कबड्डी व वॉलीबॉल स्पर्धा का शुभारंभ

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत कोड़े के आश्रित ग्राम दरगढ़ में जन जागृति युवा समिति के तत्वाधान में पंचायत स्तरीय प्रो कबड्डी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का शुभारंभ 28 दिसंबर को किया गया। यह तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता 30 दिसंबर तक होगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सियाराम पुडो की उपस्थिति में हुआ। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेलकूद प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता के अंतर्गत पुरुष वर्ग कबड्डी, पुरुष वर्ग वॉलीबॉल एवं महिला वर्ग कबड्डी की स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। पुरुष वर्ग कबड्डी में प्रथम पुरस्कार 8001 रुपए एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 4001 रुपए एवं ट्रॉफी तथा तृतीय पुरस्कार 2001 रुपए एवं ट्रॉफी रखी गई है। पुरुष वर्ग वॉलीबॉल में प्रथम पुरस्कार 4001 रुपए एवं द्वितीय पुरस्कार 2001 रुपए निर्धारित किया गया है। वहीं महिला वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 3001 रुपए एवं द्वितीय पुरस्कार 1501 रुपए प्रदान किए जाएंगे।

**दिवस : 140वां स्थापना दिवस पर कांग्रेस की कार्यशैली को किया याद**

# कांग्रेस ने स्थापना दिवस मनरेगा स्थल पर मनाया एवं किया ध्वजारोहण तथा श्रमदान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर/नरहरपुर/सरोना

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस भानुप्रतापपुर ब्लॉक में उत्साह और सक्रियता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ब्लॉक के सभी छह मंडलों में कांग्रेस कार्यकर्ता महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के अंतर्गत चल रहे कार्यस्थलों पर पहुंचे और श्रमदान किया। स्थापना दिवस के अवसर पर विधायक कार्यालय एवं निवास पर विधायक सावित्री मनोज मंडावी की उपस्थिति में कांग्रेस का ध्वज फहराया गया। इसी क्रम में भानबेड़ा मंडल कांग्रेस कमेटी द्वारा मनरेगा कार्यस्थल पर भी स्थापना दिवस मनाया गया। नेताओं ने बताया कि 28 दिसंबर 1885 को स्थापित कांग्रेस ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में निर्णायक भूमिका निभाई और आज भी लोकतंत्र, समानता, धर्मनिरपेक्षता एवं सामाजिक न्याय के मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबल पाढ़ी, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनाराम तेता, परिवहन संघ अध्यक्ष गुरदीप सिंह ढींढसा, गोपाल राठी, आईटी सेल लोकसभा अध्यक्ष नमन जैन, पार्षद नरेंद्र कुलदीप, मोहन मांडवी, श्याम शुक्ला, महिला कांग्रेस अध्यक्ष किरण डोंगरे, सीमा सेनगुप्ता, हितेश तिवारी, बिल्लू योगी, रवि दुग्गा, रवि साहू, नारद चालाकी, ललित यादव, देवनारायण बंजारा, अजय नेताम, चंपालाल जैन, कमल देव जैन, टोमेश्वर जैन, खेमू सिंह चुरेंद, डिलेश्वरी बंजारा, रंजतीन नुरेटी, कांती यादव उपस्थित रहे।

### कांग्रेसियों ने नरहरपुर में मनाया स्थापना दिवस

नरहरपुर। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140 वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर नरहरपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मरामपानी के आश्रित ग्राम बहनापानी में भव्य एवं सादगीपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी कांग्रेसजनों एवं क्षेत्रवायों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के माध्यम से कांग्रेस पार्टी की गौरवशाली परंपरा, संघर्ष और लोकतांत्रिक मूल्यों को याद किया गया। इस अवसर पर मांडवी दीक्षित, प्यारी सलाम, रोहिदास शोरी, दिनेश कुमार पटेल, मोती साहू, टकेश्वर सिन्हा, मनीराम सिन्हा, जगदीश ध्रुव सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सरोना मंडल में हर्षोल्लास के साथ मनाया



**सरोना।** कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर कांग्रेस पार्टी की 140वीं वर्षगांठ सरोना मंडल में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंडल प्रभारी कमल ध्रुवा एवं सरोना मंडल अध्यक्ष मुकेश रजक के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम का आयोजन किया। स्थापना दिवस कार्यक्रम के पश्चात ग्राम पंचायत सरोना में संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे तानाशाही सोच करार देते हुए कहा कि महात्मा गांधी केवल एक नाम नहीं बल्कि देश की आत्मा हैं और उनके नाम को किसी भी योजना से हटाना राष्ट्रपिता का अपमान है। मनरेगा के तहत चल रहे तालाब निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचकर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना की। इस दौरान वहां कार्यरत मजदूरों से भी बातचीत की गई और उनके कामकाज, मजदूरी भुगतान तथा सुविधाओं की जानकारी ली गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मनरेगा जैसी योजना गरीब, मजदूर और ग्रामीण जनता की जीवनरेखा है और कांग्रेस पार्टी हमेशा मजदूरों के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है। कार्यक्रम के दौरान उपसरपंच दिनेश सहारे, फैजल मेमन, पृथ्वी लाल रामटेके, अमिता सलाम, तामेश्वर कोर्राम, त्रिवेणी हिरवानी, संतोषी मानिकपुरी, सीमा वट्टी, देवकरण धनकर, जगदेव मंडावी, देवानंद सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शीतला मंदिर में माता शीतला की प्रतिमा की स्थापना आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल में ग्रामवासी, व्यापारी, अधिकारी एवं कर्मचारियों के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम स्थित शीतला माता मंदिर में शीतला मूर्ति की स्थापना का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक कार्यक्रम 29 सोमवार को प्रातः 7 बजे से सायं 7 बजे तक श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक विधि-विधान के साथ संपन्न होगा।

ग्राम गायता, ग्राम पटेल एवं ग्राम प्रमुखों की उपस्थिति में शीतला माता की मूर्ति की स्थापना की जाएगी। आयोजन के दौरान मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना एवं विशेष प्रार्थना की जाएगी। ग्रामवासियों ने बताया कि शीतला माता की स्थापना परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार की जाएगी, जिससे ग्राम में सुख, शांति और आरोग्य का वास बना रहे। शीतला माता को रोगों से रक्षा करने वाली, शीतलता और स्वास्थ्य की देवी के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि शीतला माता की आराधना से चेचक, बुखार एवं संक्रामक रोगों से रक्षा होती है तथा परिवार और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। ग्रामीण अंचलों में शीतला माता की पूजा विशेष आस्था और विश्वास के साथ की जाती है। यही कारण है कि इस स्थापना कार्यक्रम को लेकर ग्राम में विशेष धार्मिक उत्साह देखा जा रहा है। ग्राम गायता मानूराम दुग्गा, ग्राम पटेल लालजीराम दुग्गा, ग्राम प्रमुख भूपेंद्र दुग्गा, जगनूराम दुग्गा, बीर सिंह दुग्गा, दशरथ दुग्गा, जगन्नाथ कोमरा, चंद्रेश दुग्गा सहित अन्य ग्राम प्रमुखों ने बताया कि माता की स्थापना के लिए मंदिर परिसर की साफ-सफाई, सजावट एवं अन्य आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस अवसर पर सरपंच शकुंतला नरेटी, ओम दुग्गा, मुन्ना सिन्हा, विनोद पारख, शिव भुवनसिंह, गेंदलाल लावते, सोमल जैन, मुक्तिलाल कौशिक, सरवन दुग्गा, मगलूराम दुग्गा सहित ग्रामवासी, व्यापारी एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति ने समस्त ग्रामवासियों से अपील की है कि वे अधिक संख्या में उपस्थित होकर शीतला माता की पूजा-अर्चना में सहभागी बनें और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## आमाबेड़ा की ग्रामसभा में नौ परिवार लौटे मूलधर्म में, माहौल बदला और शांति लौटी



**कांकेर।** आमाबेड़ा क्षेत्र में ग्राम समाज की उपस्थिति में एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से यह स्पष्ट किया गया कि जो परिवार किसी भी प्रकार के दबाव, प्रलोभन अथवा भ्रमवश अपने मूल धर्म एवं परंपराओं से अलग हुए थे, उन्हें पूर्णतः स्वेच्छा, सम्मान एवं सामाजिक मर्यादा के साथ घर वापसी कराई जाएगी। ग्राम सभा में राम कुमार कुंजाम, राम कुमार कोर्राम, कार्तिक नागेश, दसंतीन बाई, फरते सिंह कोडपी, बिसरी बाई साहू, भुनेश कुंजाम एवं फरस राम गोटा सहित कुल 9 परिवारों के सभी सदस्यों ने अपने पूरे परिवार के साथ स्वेच्छा से अपने मूल धर्म, रीति-रिवाज एवं सामाजिक परंपराओं में घर वापसी की घोषणा की। ग्राम सभा में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि ग्राम क्षेत्र में धर्म परिवर्तन कराने वाले व्यक्तियों एवं संगठनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, ताकि ग्राम की सामाजिक एकता, सांस्कृतिक परंपरा एवं शांति बनी रहे। यह विशेष ग्राम सभा सरपंच हजारों गोटा एवं उपसरपंच लेखराम साहू के नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसमें सर्व समाज के प्रतिनिधि एवं आसपास के ग्रामों के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर सर्व समाज के प्रतिनिधि ईश्वर सिंह कावड़े, विजय कुमार नाहटा सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सर्व समाज के प्रतिनिधि ईश्वर सिंह कावड़े ने कहा कि आमाबेड़ा की ग्राम सभा द्वारा लिया गया यह निर्णय समाज की आत्मा, परंपरा और स्वाभिमान की रक्षा का उदाहरण है। बंद के पश्चात जिस प्रकार शांति, संवाद और स्वेच्छा के माध्यम से परिवारों की घर वापसी हुई है, वह पूरे क्षेत्र के लिए सकारात्मक संदेश है।

## गैंगरेप के विरोध में युकां ने निकाला कैंडल मार्च व किया विरोध प्रदर्शन



**पखांजुर।** उन्नाव गैंगरेप मामले के दोषी पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर के खिलाफ पखांजूर में आक्रोश फूट पड़ा। इंसाफ की मांग को लेकर रविवार शाम पखांजूर की सड़कों पर मोमबत्तियों की कतारें दिखीं और नारों की गूंज सुनाई दी। युवा कांग्रेस के नेतृत्व में निकाले गए कैंडल मार्च ने यह साफ कर दिया कि जनता अब चुप रहने के मूड में नहीं है। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में पखांजूर ब्लॉक मंडल और युवा कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। कैंडल मार्च के माध्यम से पीड़िता को न्याय दिलाने और अपराधियों को मिल रहे कथित राजनीतिक संरक्षण के खिलाफ आवाज बुलंद की गई। प्रदर्शन के दौरान भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिला अध्यक्ष राजेंद्र दुबे ने कहा कि यह केवल एक प्रतीकात्मक विरोध नहीं, बल्कि सत्ता के अहंकार और अन्याय के खिलाफ सीधी चेतावनी है। उन्होंने कहा कि जो सत्ता अपराधियों के साथ खड़ी होगी, जनता उससे सवाल भी करेगी और उसकी जवाबदेही भी तय करेगी। इस आक्रोशपूर्ण कैंडल मार्च में क्षेत्र के कई प्रमुख नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर रूपसिंह पोटाई, सुप्रकाश मल्लिक, राजदीप हालदार, अमर मंडल, राजा ठाकुर, दिलीप बिस्वास, निहार सरकार, प्रदीप बाईन, विकास मंडल, गोपाल कुंडू, अनिवास राय, दीपांकर सरकार, विक्रम मल्लिक और रमेन सरकार सहित दर्जनों युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों ने दो टूक कहा कि जब तक पीड़ित परिवार को पूर्ण न्याय नहीं मिल जाता और अपराधियों को मिलने वाला राजनीतिक संरक्षण समाप्त नहीं होता, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। कैंडल मार्च के दौरान पूरे पखांजूर क्षेत्र में माहौल गरमाया रहा और मोमबत्तियों की रोशनी में जनता का आक्रोश साफ झलकता नजर आया।

## आपरेशन सिंदूर से भारत का सैन्य पराक्रम हुआ उजागर और मिली ऐतिहासिक जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 129 वें एपिसोड में साल 2025 की ऐतिहासिक उपलब्धियों को देश के सामने रखा। उन्होंने भारत की बढ़ती सैन्य शक्ति, अंतरिक्ष में ऊंची छलांग और खेल के मैदान में मिली स्वर्णिम जीत का जश्न मनाया। पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर को राष्ट्रीय सुरक्षा का नया मानक बताया और देशवासियों को वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने की बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विज्ञान से लेकर संस्कृति तक, हर उस पहलू को छुआ जिसने 2025 में वैश्विक स्तर पर भारत का मान बढ़ाया है। पीएम ने युवाओं को 12 जनवरी को होने वाले 'यंग लीडर्स डायलॉग' से जुड़ने का विशेष निमंत्रण भी दिया। पीएम ने कहा कि इस ऑपरेशन ने दुनिया को संदेश दिया कि भारत अपनी सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। यह मिशन हर भारतीय के लिए गर्व और अटूट एकता का प्रतीक बनकर उभरा है। साल 2025 खेलों के लिए यादगार रहा, जहाँ पुरुष टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी जीती और महिला टीम ने पहली बार विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया। विज्ञान और अंतरिक्ष में बड़ी सफलता शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचने वाले पहले भारतीय बने, जो विज्ञान के क्षेत्र में भारत की नई ताकत को दर्शाता है। प्रयागराज महाकुंभ और अयोध्या राम मंदिर में ध्वजारोहण के क्षणों ने 2025 में भारत की आध्यात्मिक शक्ति को पूरी दुनिया के सामने मजबूती से रखा। भानुप्रतापपुर मंडल में यह कार्यक्रम विभिन्न मतदान केंद्रों ग्राम संबलपुर में मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, महामंत्री राजीव श्रीवास, गिरधारी नरेटी, अनीस मिश्रा, रवि ठाकुर, अनिता रावटे, सरपंच एवं मंडल मंत्री जनपद पंचायत सदस्य गिरिजा देवी साहू ने वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ. सुबेश चंद्र बाला के निवास में जाकर सुना। शक्ति केंद्र मुल्ला में लक्ष्मण कुलदीप हरि यादव एवं साथी, शक्तिकेंद्र असूलखार में ढालन सिंह राणा केवटी शक्ति केंद्र से राजेंद्र ध्रुव ग्राम परवी एवं अन्य ने सामूहिक रूप से श्रवण किए।

## भाजपा की बैठक में मतदाता सूची में नाम जोड़ने पर किया विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



सरोना भाजपा मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से एसआईआर मतदाता सूची को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान मतदाता सूची में सभी पात्र मतदाताओं के नाम शामिल कराने तथा मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

सभी ने मतदाता सूची को मजबूत बनाने और अधिक लोगों को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने के संकल्प के साथ बैठक में सहभागिता की। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा ने कहा कि आज की बैठक का प्रमुख उद्देश्य एस आई आर मतदाता सूची की स्थिति की समीक्षा करना है। उन्होंने कहा कि यह हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि मंडल क्षेत्र में कोई भी योग्य मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रहे। इसके लिए सभी को सक्रिय होकर काम करना होगा। टेकेश्वर सिन्हा ने शक्ति केंद्र प्रभारियों और पोलिंग बूथ अध्यक्षों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र में जाकर मतदाता सूची की गहन जांच करें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो और साथ ही मतदाताओं को यह जानकारी भी दी जाए कि उनका नाम सूची में है या नहीं, और यदि नहीं है तो नाम जोड़ने की प्रक्रिया क्या है। बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से घर-घर संपर्क कर लोगों को मतदाता सूची से संबंधित जानकारी दी जाएगी और उन्हें नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करने का आग्रह किया।

बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हीरा मरकाम, यशवंत सुरोजिया, अशोक निषाद, जनपद सदस्य चिंतामणि रामटेके सहित अनिल गजपाल, अजय हिरवानी, संजय गोलछा, निलेश गोलछा, भागवत जैन, दिनेश पांडे, नागेंद्र सुरोजिया, ढलेश्वर सोनकले सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**स्वयंसेवकों ने नाटक, गीत, कविताओं की शानदार दी प्रस्तुति**

# रासेयो शिविर बिहावापारा में नशामुक्त भारत पर केंद्रित रोचक कार्यक्रम हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



तहसील के अंतर्गत दुधावा की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा ग्राम बिहावापारा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन शुक्रवार को किया गया। यह शिविर स्वच्छता संकल्प एवं नशा मुक्त भारत की थीम पर आधारित रहा, जिसमें स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी उत्तम कुमार नाग ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रतिवेदन सभी के समक्ष रखा। विशेष शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम बिहावापारा के गली-मोहल्लों में स्वच्छता अभियान चलाया गया और ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नशा मुक्त भारत के संदेश को प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें नुक्कड़ नाटक, गीत, कविता एवं नृत्य की प्रस्तुतियां दी गईं। शिविर के प्रतिदिन सुबह योग एवं व्यायाम, दोपहर विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित बौद्धिक चर्चा एवं परिचर्चा तथा शाम को सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाती रहीं, जिनमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संगीता शोरी ने कहा कि युवा वर्ग राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। सरपंच जागेश्वर मरकाम ने भी स्वयंसेवकों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि नशा मुक्त भारत एवं स्वच्छता संकल्प का संदेश जन-जन तक पहुंचाना अत्यंत सराहनीय प्रयास है। उपसरपंच, सचिव एवं ग्राम प्रमुखों ने भी स्वयंसेवकों को आशीर्वचन प्रदान किए।

कार्यक्रम में सरपंच जागेश्वर मरकाम, उपसरपंच कंवर सिंह नागवंशी तथा रजुला मरकाम, लखन लाल साहू, सुकदेव मरकाम, चमन सिंह नेताम, आनंद राम मरकाम, मिलन सरोज, प्रीतम कुमार नेताम, सुना राम, प्रभु राम मरकाम, शिवप्रसाद मरकाम, अषाडू राम नेताम, धनराज मरकाम, विवेक दास मानिकपुरी, मान बाई, सुरुज बत्ती नेताम, जयंती यादव, राजेश्वरी यादव, रामप्यारी मरकाम, कुमार बत्ती सहित सहायक कार्यक्रम अधिकारी राम गुलाल शोरी, मेघनाथ शोरी, अजय नेताम, अरुण नेताम, रामस्वरूप नेताम, संजय शोरी, गंभीर शोरी, पिंकू मरकाम, यामिनी मरकाम, चांदनी बघेल एवं समस्त शिविरार्थी उपस्थित रहे।

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष बसंत का दुर्गूकोंदल में शानदार स्वागत



**दुर्गुकोंदल।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बनाए जाने के बाद बसंत यादव का पहली बार दुर्गुकोंदल नगर आगमन हुआ। इस अवसर पर नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। विश्रामगृह चौक पर कांग्रेसजनों ने फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों और जोरदार नारेबाजी के साथ जिला अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के पश्चात विश्रामगृह दुर्गुकोंदल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष बसंत यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा, नीतियों और जनहितकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। जिला अध्यक्ष ने संगठनात्मक मजबूती पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आने वाले चुनाव को ध्यान में रखकर सभी कार्यकर्ताओं को अभी से सक्रिय होना होगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अनुशासन, समर्पण और सामूहिक प्रयास के बिना संगठन मजबूत नहीं हो सकता। कांग्रेस पार्टी तभी जनता का विश्वास जीत सकती है, जब कार्यकर्ता जमीन स्तर पर सक्रिय रहकर जनसमस्याओं को उठाएं और उनके समाधान के लिए संघर्ष करें। बैठक में जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, जनपद उपाध्यक्ष आनंद तेता, मुन्ना सिन्हा, रूपसिंह कोमरे, सुखचंद प्रजापति, राजू सिंघाडिया, सियाराम पोटाई, सियाराम दरों, दिन दयाल पटेल, हीरालाल कोमरे, पुनऊ पोटाई, सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।